न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, अनूपगढ़ जिला श्रीगंगानगर (राज0)

15

पीठासीन अधिकारी–पवन कुमार (आर.ए.एस.)
वाद संख्याः–13/2020

विद्यादेवी पत्नी बृजलाल जाति नायक साकिन 4 एसपीएस(सलेमपुरा) तहसील अनूपगढ़

——**प्रार्थीया**

बनाम्

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार(राजस्व), अनूपगढ़ जिला श्री गंगानगर

———**अप्रार्थी**

<u>प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू.राजस्व अधिनियम</u>

::निर्णय:: **दिनांक–12.01.2021**

संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीया ने अपने पति के मार्फत प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीया द्वारा वाके चक 24 एसजेएम तहसील अनूपगढ़ का जमाबंदी का खाता संख्या नया 60 का मुरब्बा नं.–44, पत्थर नं.–302/367 वा मुरब्बा नं.–68 पत्थर सं.–304/370 का कुल 4.1110 हैक्टर रकबा जरिये बैयनामा खरीदशुदा है। प्रार्थीया के द्वारा जब उक्त रकबा का बैयनामा करवाया गया था तब प्रार्थीया चक 14 एमएल तहसील रायसिंहनगर में निवास करती थी एवं अब प्रार्थीया परिवार सहित चक 4 एसपीएस (सलेमपुरा) में स्थाई रूप से निवास कर रही है। अब उक्त रकबा की जमाबंदी के खाता संख्या नया 60 पुराना 65 में वर्तमान पता चक 4 एसपीएस (सलेमुपरा) दर्ज वा अंकित करवाना चाहती है।

पत्रावली में संलग्न तहसीलदार रिपोर्ट, संलग्न दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन एवं मनन किया गया। मुताबिक तहसीलदार रिपोर्ट विद्यादेवी पत्नी बृजलाल जाति नायक वर्तमान में चक 4 एपीएस में जैतसर रोड़ पर अपना घर बना कर निवास कर रही है। जमाबंदी चक 24 एसजेएम में खाता सं.–60 में प्रार्थीया के निवास स्थान का पता 14 एमएल तहसील रायसिंहनगर अंकित है तथा प्रार्थीया के जमाबंदी चक 24 एसजेएम के खाता सं.–60 में साकिन 14 एमएल तहसील रायसिंहनगर के स्थान पर वर्तमान पता चक 4 एसपीएस सलेमुपरा की दुरूस्ती किये जाने की अनुशंषा की है। अतः तहसीलदार रिपोर्ट व प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात के आधार पर प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाकर न्यायहित में प्रार्थीया के पते की दुरूस्ती किया जाना न्यायोचित प्रतीत होती है।

<u>::आदेश::</u>

अतः प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार अनूपगढ़ को आदेशित किया जाता है कि चक 24 एसजेएम तहसील अनूपगढ़ का जमाबंदी का खाता संख्या नया 60 का मुरब्बा नं.–44, पत्थर नं.–302/367 वा मुरब्बा नं.–68 पत्थ[illegible]/370 का कुल 4.1110 हैक्टर में प्रार्थीया के निवास का पता चक 14 एमएल तहसील रायसिंहनगर के स्थान पर वर्तमान पता चक 4 एसपीएस सलेमुपरा का अंकन किया जावे। अप्रार्थी तहसीलदार अनूपगढ को उक्त आदेश को राजस्व रिकॉर्ड में अमलदरामद करने हेतु तहरीर अलग से जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 12/01/2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pawan Kumar
Date: 2021.04.13 18:14:47 IST
Reason: SelfAttested

(पवन कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
अनूपगढ